भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 1745
उत्तर देने की तारीख: सोमवार, 10 मार्च, 2025
19 फाल्गुन,1946 (शक)

राजस्थान में प्राचीन धरोहरों का अनुरक्षण और सौन्दर्यीकरण

1745. डॉ. मन्ना लाल रावत:

क्या **संस्कृति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार द्वारा राजस्थान राज्य में और विशेष रूप से उदयपुर डिवीजन के जिले में प्राचीन स्मारकों के अनुरक्षण के लिए कार्यान्वित की जा रही योजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ख) राज्य में पिछले पांच वर्षों के दौरान प्रत्येक स्मारक के अनुरक्षण पर किए गए व्यय का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का उदयपुर जिवीजन के जिलों की प्रसिद्ध प्राचीन धरोहरों के अनुरक्षण और सौन्दर्यीकरण हेतु कोई विशेष कदम उठाने का विचार है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
संस्कृति और पर्यटन मंत्री
(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) ऐसी कोई विशेष योजना नहीं है; तथापि, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण देश भर में संरक्षित स्मारकों और स्थलों का संरक्षण और रखरखाव नियमित रूप से स्मारकों की आवश्यकता और संसाधनों की उपलब्धता के अनुसार करता है। इन स्मारकों/स्थलों में पेयजल, शौचालय, सुगम-पथ आदि जैसी सुविधाएं उपलब्ध करायी जा रही हैं। राजस्थान राज्य के 163 स्मारकों/स्थलों में से 30 स्मारक/स्थल उदयपुर संभाग के जिलों में अवस्थित हैं। उदयपुर संभाग के जिलों के स्मारकों/स्थलों की सूची **अनुबंध-I** में दी गई है।

(ख) पिछले पांच वर्षों के दौरान राजस्थान में संरक्षित स्मारकों और पुरातात्विक स्थलों के संरक्षण और रखरखाव पर किए गए व्यय का ब्यौरा निम्नानुसार है:

(राशि करोड़ रूपए में)

वित्तीय वर्ष	व्यय
2019-20	10.28
2020-21	11.50
2021-22	12.03
2022-23	17.93
2023-24	23.4

(ग) और (घ) उदयपुर संभाग के जिलों के प्रसिद्ध प्राचीन धरोहरों के रखरखाव और सौंदर्यीकरण के लिए कोई विशेष प्रस्ताव नहीं है। संरक्षित स्मारकों का संरक्षण, अनुरक्षण और रखरखाव एक सतत प्रक्रिया है और उदयपुर संभाग के जिलों में सभी स्मारक/स्थल भली-भांति परिरक्षित हैं।

अनुबंध-I

लोक सभा में दिनांक 10.03.2025 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 1745 के भाग (क) के उत्तर में विनिर्दिष्ट अनुबंध

क्रम सं.	स्मारक/स्थल का नाम	स्थान	ज़िला
1	शिव मंदिर और खंडहर	अर्थुना	बांसवाड़ा
2	प्राचीन अवशेष	विट्ठल देव	बांसवाड़ा
3	घाटेश्वर मंदिर	बडोली	चित्तौड़गढ़
4	कुंड	बडोली	चित्तौड़गढ़
5	श्रृंगार चावड़ी	बडोली	चित्तौड़गढ़
6	अष्टमाता का मंदिर	बडोली	चित्तौड़गढ़
7	गणेश मंदिर	बडोली	चित्तौड़गढ़
8	शेष-शयन मंदिर	बडोली	चित्तौड़गढ़
9	शिव और कुंड का मंदिर	बडोली	चित्तौड़गढ़
10	त्रिमूर्ति मंदिर	बडोली	चित्तौड़गढ़
11	नारद मंदिर के नाम से ज्ञात वामन अवतार का मंदिर	बडोली	चित्तौड़गढ़
12	चित्तौड़ का सम्पूर्ण किला	चित्तौड़	चित्तौड़गढ़
13	मेनाल (महानाल) मंदिर और मठ	मेनल	चित्तौड़गढ़
14	सर्वे प्लॉट संख्या 301 में शिलालेख सहित हाथीवाड़ा परिक्षेत्र तथा समीपवर्ती भूमि	नागरी	चित्तौड़गढ़
15	प्राचीन खंडहर	नागरी	चित्तौड़गढ़
16	सर्वेक्षण प्लॉट संख्या 416 में शामिल जेओरा के पुरातात्विक स्थल और अवशेष	निलोध / जेवरा	चित्तौड़गढ़
17	जैन मंदिर शिलालेख	बड़ौदा	डूंगरपुर
18	सोमनाथ मंदिर	देवसोमनाथ	डूंगरपुर
19	चेतक समाधि	चेतक समाधि	राजसमंद
20	सर्वेक्षण प्लॉट संख्या 938, 941, 1065, 1066, 1067, 1068, 1069, 1070, 1071, 1072, 1073 और 1074 में शामिल पुरातात्विक स्थल और अवशेष	गिलुण्ड (भगवानपुरा)	राजसमंद
21	हल्दीघाटी	हल्दी घाटी दारा	राजसमंद
22	सम्पूर्ण कुम्भलगढ़ किला	कुंभलगढ़	राजसमंद
23	शिलालेखों, मंडपों और तोरणों सहित घाट और इसके साथ का समीपवर्ती क्षेत्र	नवचौकी , राजसमंद	राजसमंद
24	रक्त तलाई	रक्त तलाई	राजसमंद
25	बादशाही बाग	शाहीबाग	राजसमंद
26	प्रताप स्मारक	चावंड	उदयपुर
27	प्राचीन खंडहर	कल्याणपुर	उदयपुर
28	सास बहू मंदिर	नागदा	उदयपुर
29	हवा महल के नाम से ज्ञात यह महल	वीरपुरा (जयसमंद)	उदयपुर
30	रूठी रानी के महल के नाम से ज्ञात हवा महल	वीरपुरा (जयसमंद)	उदयपुर

*****